तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 श्री कपिलेश्वरनाथ महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



## खबर संक्षेप

### सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट संचालन के लिए 140 पद स्वीकृत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के कोरबा-पश्चिम में प्रस्तावित 1320 मेगावॉट के नए प्लांट का काम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए चिन्हित जमीन पर पेड़ पौधों को काटकर साफ करने का काम जारी है। इस बीच प्रदेश सरकार ने नए पॉवर प्लांट को चलाने के लिए 140 नए पद स्वीकृत किए हैं। दो चरणों में यह पद सृजित किए जाएंगे। नए संयंत्र के लिए सहायक मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, वेतन अधिकारी, लेखापाल जैसे जरुरी पद शामिल हैं। कोरबा पश्चिम में 1320 मेगावाट के नए प्लांट की स्थापना की जानी है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से जरुरी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। बताया जा रहा हैं कि 16 अगस्त से नए प्लांट की स्थापना के लिए जमीन पर कार्य शुरू किया जाएगा। चिन्हित जमीन पर गड्ढें खोदकर नए प्लांट के लिए आधारशीला रखी जाएगी। वर्ष 2029 तक नए प्लांट को लाइटअप किया जाएगा। इसके बाद इसे उत्पादन में लाया जाएगा। नए संयंत्र के चालू होने के बाद ताप विद्युत संयंत्र से उत्पादित होने वाली बिजली की क्षमता 4160 मेगावॉट हो जाएगी। अभी ताप संयंत्रों से उत्पादित बिजली की क्षमता 2840 मेगावाट है। जनरेशन कंपनी की अभी ताप एवं जल से कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 2978 मेगावाट है।

### शांतिनगर शिव मंदिर में भोग भंडारे का आयोजन आज



**हरदीबाजार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार को हरदीबाजार शांतिनगर स्थिति कंचन बाई राठौर की स्मृति में निर्मित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार 4 अगस्त को विशेष पूजा के साथ भोग प्रसाद का वितरण किया जायेगा। मंदिर संयोजक राजाराम राठौर ने गांव व क्षेत्र के लोगों को पूजा-अर्चना करने व प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### शतरंज अंडर 14 प्रतियोगता में छात्राओं का सम्मान

**जमनीपाली।** सेजेस एनटीपीसी की छात्राएँ मिस दीपिका साहू एवं मिस डिम्पल आदित्य जो दोनों कक्षा 6वीं की छात्रा शतरंज अंडर-14 प्रतियोगिता में प्रथम एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस सफलता में प्राचार्य अभिमन्यु साहू एवं पीटीआई नितेश कुमार यादव का मार्गदर्शन रहा।

### कक्षा के बाहर घूम रहा था गोह सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**कोरबा।** शनिवार को कमला नेहरू महाविद्यालय के कक्षा में एक मादा गोह प्रजाति (वेरनेस प्रजाति) का जीव पाया गया। यह डब्ल्यूपीए 2022 के अनुसार शेड्यूल 1 का जीव है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने तुरंत सर्प मित्र एवं आरसीआरएस के सदस्य उमेश यादव को सूचित किया। सूचना मिलने पर सर्प मित्र उमेश यादव का दल कॉलेज पहुंचा और जंतु विज्ञान के सहायक प्राध्यापकों की उपस्थिति में कुशलतापूर्वक सांप का रेस्क्यू किया गया। इसके बाद, सुरक्षित स्थान पर विभागीय संज्ञान के साथ उसके प्राकृतिक आवास में रिलीज़ कर दिया गया।

### राजस्व वसूली कार्य में लाएं तेजी

**कोरबा।** निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम के राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा की, उन्होंने सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य करों की वसूली की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए वसूली कार्यो में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों व निरीक्षकों को दिए। उन्होंने आमनागरिकों व करदाताओं की सुविधा के लिए निगम के सभी वार्डो में शिविर आयोजित करने कहा है।

# यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे बस संचालक, सीट की जगह छत पर ढो रहे सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम जटगा से गुजरने वाली गजानंद बस का मामला

अलग खबर

जिले में यातायात नियमों का पालन कर वाहन चालन की सख्त हिदायतों के बाद भी यह जो तस्वीर सामने आई है वह काफी चौंकाने वाली है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में बांगो थाना, जटगा चौकी क्षेत्र से ग्राम बेतलो क्षेत्र से गुजरने वाली गजानन्द सर्विस की बस जटगा तक के अपने सफर में ग्राम बासीन, सासिन, बर्रा और घुमानीडांड से गुजरती है। यह आम दिनचर्या है, लेकिन मंगलवार को सप्ताहिक बाजार के चलते यह बस जरूरत से कहीं ज्यादा सवारियों से लदी नजर आती है। ग्रामीण बस के ऊपर तक बैठे दिखते हैं, जिससे सिर्फ यातायात नियमों की धज्जियाँ ही नहीं उड़ती हैं, बल्कि दर्जनों लोगों की जान भी हर सप्ताह खतरे में पड़ती है।

अगर कही बड़ा हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन होगा, यह जानबूझकर किया जा रहा कृत्य है। पिछले दो हफ्तों कि ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया में वायरल हैं, जो इस समस्या को उजागर कर रही हैं। स्थानीय जनपद सदस्य संतोष मराबी ने इस पर गहरी चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि क्षेत्र संसाधनों से वंचित नहीं है, लेकिन बस मालिक और चालक अधिक मुनाफे के लालच में जान जोखिम में डाल रहे हैं। लोग अपनी मोटरसाइकिल या दूसरे निजी साधनों का इस्तेमाल कर सकते हैं, पर उन्हें सिर्फ बस पर ही निर्भर किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से अपील की है कि विशेष रूप से बाजार के दिनों में निगरानी बढ़ाई जाए और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करे। यदि पुलिस की सख्ती दिखे तो ना ही लोग छत पर सवार होंगे और ना ही नियमों की अवहेलना होगी। यह सवाल भी उठता है कि क्या यह सिर्फ ग्रामीणों की मजबूरी है या फिर चालकों और बस मालिकों की ढिलाई? ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग पुराने जमाने पर चल रहे हैं, और यही कारण है कि बस चालकों को आरटीओ के नियम तोड़ने का अवसर मिल जाता है। सवाल यह भी है कि जब इतने संसाधन हैं तो लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित क्यों नहीं किया जा रहा। बसों की नियमित निगरानी, आरटीओ नियमों का पालन और बाजार के दिनों में विशेष चेकिंग जैसे कदम उठाए जाएं तो स्थिति में सुधार आ सकता है।

**खास बातें**

- मंगलवार को साप्ताहिक बाजार के दिन जरूरत से ज्यादा सवारियों को लेकर गुजरती है बस




## प्रशासन व पुलिस के अफसरों द्वार जिले भर में की गई नाकेबंदी

# जेल ब्रेक : चार कैदी 25 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार, महकमे में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल में आज दोपहर को उस समय हड़कंप मच गया जब जेल के चार दीवारी के भीतर बंद पाक्सो एक्ट के चार विचाराधीन आरोपी जेल की 25 फीट ऊंची दीवार को लांघकर फरार हो गए। जैसे ही जेल प्रबंधन व पुलिस महकमे के अफसरों को जेल ब्रेक की सूचना मिली तो जिले भर में नाकेबंदी कर फरार आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिला जेल कोरबा में शनिवार की दोपहर 3.30 बजे जेल ब्रेक की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि जिले के विभिन्न थाना चौकियों में पाक्सों एक्ट के मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट निवासी सरना सिंकू पिता शंकर सिंकू, पड़ोसी जिला रायगढ़ के घरघोड़ा निवासी चंद्रशेखर राठिया पिता सूरज प्रसाद राठिया, रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूलसीडीह निवासी राजा कंवर पिता टिकाराम कंवर, सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी दशरथ सिदार पिता प्रताप सिंह सिदार को जेल दाखिल कराया गया था। चारों विचाराधी कैदी जेल से भागने की योजना तैयार की थी और योजना के मुताबिक चारों ने शनिवार को जेल के सुरक्षा में तैनात सुरक्षा प्रहरियों को झांसा देकर लगभग 3.30 बजे जिला जेल की लगभग 25 फीट ऊंची दीवार को फांदकर फरार हो गए हैं। जब तक जेल प्रबंधन को पता चला तब तक ये कैदी इलाके से फरार हो चुके थे। जेलर विजयानंद सिंह को कैदियों को भागने की सूचना मिलते ही उन्होंने दौड़े दौड़े जेल पहुंचे और प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को इस घटना से अवगत कराया और जिसके बाद जेल ब्रेक की सूचना पाते ही नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, सिविल लाईन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना सहित अन्य पुलिस अधिकारी जिला जेल पहुंचे और आरोपियों की धरपकड़ के लिए जिले भर में नाकेबंदी कर आरोपियों की सरगर्मी की खोजबीन की जा रही है।



वह स्थल जहां से फरार हुए कैदी।



दशरथ सिदार



राजा कंवर



सरना सिंकू



चंद्रशेखर राठिया

### कपड़े व तार के सहारे चढ़े दीवार पर

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि चारो आरोपी कुछ माह पहले ही अलग-अलग महीने में जेल दाखिल हुए थे और चारों आरोपियों ने योजनाबद्ध ढंग से जेल से भगाने के लिए जेल के भीतर मवेशियों को ढकने के लिए जो कपड़ा था उसी के सहारे रस्सी बनाकर जेल में रखे एक लोहे की तार को दीवार में चढ़ने के लिए इस्तेमाल किया। बताया जाता है कि चारों आरोपियों को जैसे पता चला कि आज दोपहर से बिजली बंद है चारों ने बड़ी चतुराई से कपड़े की रस्सी बनायी और तार के सहारे 25 फीट दीवार के उपर लोहे के ग्रिल में विद्युत करंट प्रवाहित होता है। उसी लोहे के ग्रिल में फंसा लिया और एक-एककर चारों आरोपी ऊपर चढ़ गए और ऊपर चढ़ते ही दीवार से नीचे कूद गए। यदि इस दौरान जेल में बिजली आ जाती तो चारों आरोपियों की मौके पर मौत हो सकती थी, लेकिन इस बीच बारिश होने की वजह से दोपहर बिजली बंद थी। इसी दौरान आरोपियों ने मौके का बखूबी फायदा उठाया और जेल ब्रेक करने में सफल रहे।

### कौन किस मामले में है आरोपी

जेल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक चार विचारधीन बंदी जेल ब्रेक कर फरार हो गए हैं। उनमें क्रमशः बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट निवासी सरना सिंह सिंकु पिता शंकर सिंह जो पाक्सो एक्ट का आरोपी है। इसी तरह बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट निवासी सरना सिंकू पिता शंकर सिंकू, श्यांग थाना क्षेत्र के मामले में पड़ोसी जिला रायगढ़ के घरघोड़ा निवासी चंद्रशेखर राठिया पिता सूरज प्रसाद राठिया, रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूलसीडीह निवासी राजा कंवर पिता टिकाराम कंवर, सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी दशरथ सिदार पिता प्रताप सिंह सिदार को जेल दाखिल किया गया था। चारों आरोपी पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार किए गए थे।

### फुटेज के आधार पर खोज रही है पुलिस

विचाराधीन कैदी लगभग 3.30 बजे जेल की दीवार को फांदकर नीचे कूद कर फरार हुए हैं। चारों आरोपियों के भागने की करतूत जिला जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चारों आरोपियों के फोटो को भी जिला पुलिस के अफसर सहित आसपास पड़ोसी जिलों को भी भेज दिया है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है, लेकिन जिस तरह से आरोपियों ने 25 फीट ऊंची दीवार को लांघकर फरार हुए हैं, इसे जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था की भी पोल खोल दी है।

### जिले भर में की गई नाकेबंदी

जिला जेल पहले ही बहुत संवेदनशील माना जाता है। औद्योगिक नगरी होने की वजह से यहां क्षमता से हमेशा अधिक कैदी बंद रहते हैं। शनिवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे चारों विचाराधीन कैदियों ने योजनाबद्ध ढंग से 25 फीट दीवार लांघकर जेल से फरार हो गए हैं। जैसे ही जेल के अफसरों और पुलिस महकमें को इसकी भनक लगी तो पुलिस ने जिले भर में नाकेबंदी की और जेल से फरार हुए विचाराधीन कैदियों की सरगर्मी से खोजबीन कर रही है।

# घटिया क्वालिटी के केबल की आपूर्ति जांच में हुआ खुलासा, ईई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में लगभग 110 करोड़ की लागत से विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त किया जाना था, जिसमें एबी केबल आपूर्ति की जानी थी। जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी की एबी केबल आपूर्ति की गई थी, जब मामला सामने आया तो कंपनी मुख्यालय द्वारा जांच टीम गठित की गई और जांच की गई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद जिले में पदस्थ विद्युत वितरण विभाग के ईई अभिमन्यु कश्यप को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कुछ अन्य जिलों के ईई को भी निलंबित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि आरडीएसएस योजना के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में करोड़ों की लागत से कार्य किया जा रहा था। जिले में भी लगभग 110 करोड़ के तहत कार्य किया जा रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा बिजली चोरी रोकने और ट्रांसमिशन लॉस कम करने के उद्देश्य से एरियल बंच केबल (एबी केबल) योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी खुली लाइनें हटाकर इंसुलेटेड और सुरक्षित एबी केबल लगाने का काम ठेके के माध्यम से किया गया। यह काम ठेका एजेंसी के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी के प्रोजेक्ट विंग द्वारा कराया गया। इस कार्य में बिजली अधिकारी और ठेकेदारों ने मिलीभगत कर निम्न स्तर के एबी केबल लगाए। उनके द्वारा लगाए गए केबल ठेका के शर्तों के हिसाब से नहीं था। उसकी क्वालिटी भी खराब थी। जब मामला सामने आया तो मुख्यालय स्तर पर जांच के लिए टीम गठित की गई और टीम को जांच के लिए कोरबा आई थी जहां उनके द्वारा जांच की गई तो मामला सही पाया गया और ठेकेदार व अधिकारियों ने घटिया क्वालिटी का एबी केबल लगाया गया था, जहां जांच टीम ने रिपोर्ट रायपुर के वरिष्ठ अफसरों को सौंप दिया है, जिसके बाद महकमे में पदस्थ अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। बताया जाता है जिले में प्रोजेक्ट के ईई अभिमन्यु कश्यप पर निलंबन की गाज गिरी है। सूत्रों के मुताबिक विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय की टीम द्वारा जांच में पाया गया कि घटिया केबल की आपूर्ति के बावजूद ठेकेदारों को पूर्ण भुगतान कर दिया गया। साथ ही केबल बिछाने से अधिक का भुगतान भी कुछ जिलों में सामने आ रहे है। जबकि उतने अधिक केबल ठेकेदार द्वारा मौके पर नहीं लगाए गए हैं। उसके बाद भी पेमेंट कर दिया गया।

**खास बातें**

- रायपुर से जांच टीम की गई थी गठित, जांच में पाया गया घालमेल
- आरडजीएसएस योजना के तहत जिले में हो रहा था काम, प्रोजेक्ट के अफसर देख रहे थे काम

### ईई को किया गया निलंबित

विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय, रायपुर की टीम द्वारा एबी केबलों की जांच की जा रही है। इसमें ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी का केबल आपूर्ति की गई है। ठेका शर्तों के हिसाब से मैटेरियल नहीं लगाए गए हैं, जांच के बाद कोरबा के ईई को सस्पेंड कर दिया गया है।

-**एके अंबष्ट**, कार्यपालक निदेशक, बिलासपुर संभाग

# ब्रेक डाउन ट्रेलर के किनारे खड़े तीन लोगों को कार ने कुचला, दो की मौत



सड़क हादसे में मृत युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ब्रेक डाउन ट्रेलर के चालक परिचालक हाईवे के किनारे अपनी वाहन का सुधार कार्य कर रहे थे, तभी कार ने चपेट में ले लिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल किया गया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक को भी चोट आई है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुर्घटना मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर के समीप हाईवे पर घटित हुई है। बताया जाता है कि एक ट्रेलर वाहन ब्रेक डाउन हो गई थी, जिसे सुधार कार्य करने के लिए झारखंड निवासी कृष्णा मुरारी पाण्डेय 42 वर्ष, सोनभद्र (यूपी) निवासी उस्मान खान, अमित पाण्डेय नामक युवक हाइवे पर खड़े हुए थे। इसी दौरान कटघोरा से अंबिकापुर की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एलजी 7728 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कृष्णा मुरारी व उस्मान खान की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि अमित गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने बताया कि बीएनएसएस की धारा में कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। घटनाक्रम को लेकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज संबंधी कार्यवाही के लिए प्राप्त किए जा रहे हैं।

**खास बात**

- मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर एनएच पर हुआ हादसा

### दो बाइक की आपस में भिड़ंत, तीन युवक घायल



प्रेमनगर चौक में शुक्रवार को युवकों को ओवरटेक करने की कोशिश भारी पड़ गई और दो बाइक आपस में टकरा गईं। टक्कर से तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना दर्री थाना क्षेत्र की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक एक ही दिशा में तेज रफ्तार से जा रही थीं। ओवरटेक करने के प्रयास में वे आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर करीब 15 फीट दूर जा गिरे। दुर्घटना में एक युवक सिर के बल सड़क पर घसीटता चला गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। बताया गया कि तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे हादसे की गंभीरता और बढ़ गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज भी जब्त कर लिया गया है, जो दुर्घटना के कारणों को स्पष्ट करने में मदद करेगा।

MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE



किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएं:
- लेजर से पथरी का इलाज —बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलॉजी सेवाएं
- हेमो डायलिसिस
- पमकिथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS



# नौकरी करने वाले न करें ये फाइनेंशियल गलतियां वर्ना पड़ सकता है पछताना

सुझाव | बिजनेस डेस्क

नौकरीपेशा लोगों के लिए वित्तीय स्थिरता हासिल करना महत्वपूर्ण होता है। लेकिन अनजाने में की गई कुछ सामान्य गलतियां, बचत और भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। सैलरी बढ़ने के साथ खर्च बढ़ाना, क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल, बचत और निवेश को नजरअंदाज करना, इमरजेंसी फंड की कमी, और बजट न बनाना जैसी गलतियां आगे चलकर वित्तीय संकट का कारण बन सकती हैं। इन गलतियों से बचकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आइए इन पांच वित्तीय गलतियों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जानते हैं।

### सैलरी बढ़ने पर खर्च बढ़ाना

सैलरी बढ़ते ही लोग अक्सर अपने खर्चों को भी बढ़ा लेते हैं, जिसे 'लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन' कहा जाता है। महंगे गैजेट्स, लग्जरी आइटम्स या बार-बार बाहर खाने जैसे फालतू खर्चे आपकी बचत को खत्म कर सकते हैं। इसका समाधान यह है कि अपनी बढ़ी हुई सैलरी का कम से कम 50 फीसद हिस्सा बचत या निवेश में लगाएं। उदाहरण के लिए, अगर आपकी सैलरी में 10,000 रुपये की वृद्धि होती है, तो कम से कम 5,000 रुपये को बचत खाते, म्यूचुअल फंड या अन्य निवेश विकल्पों में डालें।

### क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल

सैलरी बढ़ने के साथ कई लोग क्रेडिट कार्ड ले लेते हैं और हर छोटी-बड़ी खरीदारी के लिए इसका उपयोग शुरू कर देते हैं। क्रेडिट कार्ड के चार्जेस, लेट फी, और ब्याज दरों की जानकारी न होने पर यह वित्तीय बोझ बन सकता है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग सीमित और सोच-समझकर करें। बिल समय पर चुकाएं और अनावश्यक खरीदारी से बचें। हमेशा अपने क्रेडिट कार्ड की शर्तों, जैसे वार्षिक शुल्क और ब्याज दर, को समझ लें ताकि आप अतिरिक्त खर्चों से बच सकें।

### बचत को नजरअंदाज करना

कई लोग सोचते हैं कि बचत और निवेश 30-35 साल की उम्र में शुरू करना चाहिए, लेकिन यह एक बड़ी गलती है। पहली नौकरी से ही अपनी सैलरी का 20-30 फीसद हिस्सा बचत और निवेश में लगाना शुरू करें। उदाहरण के लिए, सिप (एसआईपी) के माध्यम से म्यूचुअल फंड में छोटी राशि से निवेश शुरू करें, जो लंबे समय में चक्रवृद्धि ब्याज के साथ बढ़ेगा। जल्दी शुरू करने से आपके पास रिटायरमेंट या बड़े वित्तीय लक्ष्यों के लिए पर्याप्त धन जमा हो सकता है।

### हेल्थ इंश्योरेंस की अनदेखी

इमरजेंसी फंड और हेल्थ इंश्योरेंस को टालना वित्तीय सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है। अप्रत्याशित खर्चों, जैसे मेडिकल इमरजेंसी या नौकरी छूटने की स्थिति, के लिए कम से कम 6 महीने का इमरजेंसी फंड जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आपका मासिक खर्च 50,000 रुपये है, तो 3 लाख रुपये का फंड बनाएं। इसके अलावा, एक अच्छा हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लें, जो अस्पताल के खर्चों को कवर करे और आपकी बचत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण मददगार साबित होगा।

### बजट न बनाना

अगर आपको यह नहीं पता कि आपकी सैलरी कहां खर्च हो रही है, तो पैसा जल्दी खत्म हो सकता है। बिना बजट बनाए खर्च करना वित्तीय अनुशासन को तोड़ता है। बजट बनाकर अपने खर्चों को श्रेणियों में बांटें, जैसे किराया, किराना, बचत, और मनोरंजन। उदाहरण के लिए, 50-30-20 नियम का पालन करें। सैलरी का 50 फीसद जरूरी खर्चों पर, 30 फीसद इच्छाओं की पूर्ति करने पर और 20 फीसद बचत व निवेश के लिए आवंटित किया जाना चाहिए। बजट बनाने से आप अनावश्यक खर्चों को कम कर सकते हैं और अपने वित्तीय लक्ष्यों की ओर बढ़ सकते हैं।

### वित्तीय अनुशासन का महत्व

इन गलतियों से बचने के लिए वित्तीय अनुशासन अपनाना जरूरी है। नियमित रूप से अपनी आय और खर्चों की समीक्षा करें, और अपने वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे घर खरीदना या रिटायरमेंट प्लानिंग। छोटे-छोटे कदम, जैसे ऑटोमेटेड बचत खाता या एसआईपी , लंबे समय में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अगर आप निवेश के विकल्पों को समझने में नए हैं, तो वित्तीय सलाहकार की मदद लेना फायदेमंद हो सकता है।



25 से 35% की दर से दे रहे हैं रिटर्न, इनकी रेटिंग भी हाई, अगर किसी एमएफ की स्कीम की टॉप रेटिंग है, तो फंड बेहतर विकल्प

# निवेश के लिए सबसे सस्ते म्यूचुअल फंड, दिला सकते हैं बढ़िया रिटर्न

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**स्कीम का एक्सपेंस रेश्यो कम है तो आपके निवेश की लागत कम होगी**

*म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय जिन बातों का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए, उनमें उनका एक्सपेंस रेश्यो और रेटिंग भी है। किसी म्यूचुअल फंड स्कीम का एक्सपेंस रेश्यो कम होने का मतलब है कि आपके निवेश की लागत कम होगी। वहीं, म्यूचुअल फंड स्कीम का ट्रैक रिकॉर्ड और निवेश की रणनीति के आधार पर उसकी रेटिंग बनती है। अगर ये दोनों बातें पॉजिटिव हैं, यानी एक्सपेंस रेश्यो बहुत कम है और साथ में फंड को टॉप रेटिंग मिली है, तो इसका मतलब है कि वह फंड बेहतर विकल्प बन सकता है। अगर इसके बाद भी उनके प्रदर्शन को लेकर आशंका है तो हमने ऐसे 7 इक्विटी स्कीम की जानकारी दी है, जिनका एक्सपेंस रेश्यो कम है, रेटिंग मजबूत है और उन्होंने 5 साल की अवधि में हाई रिटर्न भी दिया है। चाहे लम्प सम हो या एसआईपी। आप भी इन पर विचार कर सकते हैं।*



### बंधन स्मॉल कैप फंड

बंधन स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.39 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 5 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 37.47 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 33.96 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.39%
- रेटिंग : 5 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 37.47% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 33.96% सालाना
- कुल एसेट्स : 12,982 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एडलवाइस स्मॉल कैप फंड

एडेलवाइस स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.42 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 35.10 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 29.52 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.42%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 35.10% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 29.52% सालाना
- कुल एसेट्स : 4,930 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 100 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एडेलवाइस फ्लेक्सी कैप फंड

एडेलवाइस फ्लेक्सी कैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.43 फीसदी है। इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 24.54 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 21.89 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.43%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 24.54% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 21.89% सालाना
- कुल एसेट्स : 2,802 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 100 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### इन्वेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड

इन्वेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.44 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 5 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 35.01 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 31.47 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.44%
- रेटिंग : 5 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 35.01% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 31.47% सालाना
- कुल एसेट्स : 7,425 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 500 रुपये



### केनरा रोबेको लार्जकैप फंड

केनरा रोबेको लार्जकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.45 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 20.44 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 18.27 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.45%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 20.44% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 18.27% सालाना
- कुल एसेट्स : 16,617 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 5,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### जेएम फ्लेक्सी कैप फंड

जेएम फ्लेक्सी कैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.49 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 27.12 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 24.78 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.49%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 27.12% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 24.78% सालाना
- कुल एसेट्स : 6,144 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एलआईसी म्यूचुअल फंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड

एलआईसी म्यूचुअल फंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.50 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है. फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 33.78 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 32.20 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.50%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 33.78% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 32.20% सालाना
- कुल एसेट्स : 1,053 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 5,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 200 रुपये

किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सोना डिमांड में रहेगा

# 6 साल में 200% उछला सोना, अगले 5 वर्ष में सवा 2 लाख रु. का हो सकता है 10 ग्राम!

सर्राफा | बिजनेस डेस्क

**1** सेफ एसेट के तौर पर जाना जाता है सोना, हर कोई करता है निवेश

*“अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा।*

एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में सोने की कीमत पिछले 6 साल में 200 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। मई 2019 में सोना 30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, लेकिन जून 2025 तक कीमत बढ़कर करीब 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई। इस साल की बात करें तो सोने की कीमतों ने 2025 में निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 30 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। पिछले 6 साल पर नजर डालें तो एमसीएक्स पर सोने का भाव मई 2019 में लगभग 32,000 प्रति 10 ग्राम था। यह अब बढ़कर लगभग 97,800 प्रति 10 ग्राम हो गया है, यानि कि 200 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि।

अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा। लॉन्ग टर्म में संरचनात्मक रूप से ऊंची कीमतों के लिए माहौल अभी भी सपोर्टिव बना हुआ है। पोर्टफोलियो डायवर्सिफिकेशन में सोने का अहम रोल बरकरार है और आगे भी रहेगा। सोने के भविष्य की बात करें तो किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सेफ एसेट के तौर पर सोना डिमांड में रहेगा। साथ ही इसकी मांग के नए रास्ते भी खुल रहे हैं। जैसे कि कहा जा रहा है कि चीन बीमा क्षेत्र में कथित तौर पर अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का 1% सोने में लगा रहा है।



### 5 साल में कहां होगी कीमत

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक एक्सपर्ट का कहना है कि अगले 5 साल के दौरान सोने की कीमतों में शानदार तेजी जारी रह सकती है। भू-राजनीतिक तनाव और ट्रेड वॉर के चलते सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बनी रहने की उम्मीद है। पिछले 5 वर्षों में भारतीय बाजार में सोने का भाव 18% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा। अगर यही रफ्तार जारी रही तो आगे के 5 सालों के दौरान सोने की कीमतें 2,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं।

### कंसोलिडेशन का अनुमान

वहीं दूसरी ओर एक एजेंसी की गोल्ड स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में कहा है कि सोने की कीमतें अब कंसोलिडेशन फेज यानि ठहराव के दौर में जा सकती हैं। आगे तेजी के लिए किसी बड़े और नए ट्रिगर की जरूरत होगी। अब ज्यादा स्पष्टता का इंतजार करना चाहिए या किसी निर्णायक ट्रिगर का, जो गोल्ड की कीमतों को फिर से पुश करे। इस बीच गोल्ड में कंसोलिडेशन यानी ठहराव का दौर रहेगा। रिपोर्ट में तेजी थमने के पीछे कई अहम कारण बताए गए हैं। जैसे कि इजराइल-ईरान और रूस-यूक्रेन के बीच भूराजनीतिक संघर्ष का असर हल्का पड़ना, टैरिफ वॉर में कमी, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें टलना, केंद्रीय बैंकों की ओर से धीमी खरीदारी और गोल्ड की कीमतें काफी समय से ऊंचे स्तर पर होना।



## स्टॉक मार्केट ऊंचाई पर हो तो बंद नहीं करें एसआईपी, संयम बरतें

बिजनेस डेस्क

जब शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंचता है, तो कई निवेशकों के मन में सवाल आता है कि क्या अब सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) रोक देना चाहिए? उन्हें लगता है कि ऊंचे स्तर पर निवेश करने से रिटर्न कम मिल सकता है या घाटा हो सकता है। हालांकि, इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट की राय इसके ठीक उलट है। उनका कहना है कि ऐसा सोचना निवेश की मूल रणनीति के खिलाफ है और इससे लंबे समय में नुकसान हो सकता है। इसलिए जब बाजार ऊंचाइयों पर हो तो निवेशकों को संयम बरतना चाहिए। इससे वे लान्ग टर्म में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। ऐसे समय में निवेशकों को थोड़ा स्मार्ट और चूजी बन जाना चाहिए ताकि, आने वाले समय में परेशानी न हो। इसलिए निवेश बंद न करें और इंतजार करें। बाजार में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।

### एसआईपीऔर डिप-बायिंग को साथ चलाना समझदारी

जानकारों का कहना है कि एसआईपी को रोकने की बजाय उसे जारी रखना चाहिए और अगर आपके पास अतिरिक्त रकम है, तो बाजार में गिरावट के दौरान उसमें लंबी अवधि के नजरिए से निवेश करना बेहतर रहता है। उनके मुताबिक, मासिक बचत एसआईपी के जरिए होनी चाहिए और अगर बाजार गिरता है, तो उसमें अतिरिक्त निवेश किया जा सकता है। इससे लॉन्ग टर्म में फायदा मिलता है। हालांकि, बाजार कब गिरेगा, इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। डिप्स को पहचानना मुश्किल होता है, इसलिए निवेशकों के लिए बेहतर रणनीति यह हो सकती है कि वो लंप सम राशि को एसआईपी और डिप-बायिंग दोनों के लिए अलग-अलग हिस्सों में निवेश करें।

### 2025 में अब तक 1.12 करोड़ एसआईपी बंद

एएमएफआई (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की शुरुआत से लेकर अब तक करीब 1.12 करोड़ एसआईपी अकाउंट बंद हो चुके हैं। इसका मतलब है कि बहुत से निवेशकों ने बाजार की ऊंचाई देखकर अपनी एसआईपी रोक दी है और बाजार गिरने पर दोबारा शुरू करने की सोच रहे हैं। एसआईपी को रोकना गलत कदम है। उनके मुताबिक, जब बाजार ऊंचा होता है, तो एसआईपी रोकना सही लग सकता है। लेकिन ये कदम फाइनेंशियल गोल्स को नुकसान पहुंचा सकता है। एसआईपी का फायदा यही है कि ये आपको समय पर और बिना भावनाओं के निवेश करने में मदद करता है। भारतीय बाजार ने पिछले 10 सालों में कई बार नई ऊंचाइयां देखी हैं और हर बार वह और ऊपर गया है। अगर लोग हर बार एसआईपी रोकते, तो वे बड़े फायदे से चूक जाते।

### उलटी सोच हो सकती है एसआईपी रोकना

एसआईपी को रोकने के फैसले को 'काउंटरइंट्यूटिव' यानी आम समझ के खिलाफ मानते हैं। उनका कहना है कि इतिहास यही बताता है कि जो निवेशक लगातार निवेश करते हैं, वो ज्यादा फायदा कमाते हैं। बार-बार एग्जिट और एंट्री करने से फायदा नहीं होता। वो कहती हैं, एसआईपी का मकसद ये है कि आपकी हर महीने की बचत बाजार में लगती रहे। अगर इसे नियमित और अनुशासित तरीके से किया जाए तो कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है। लेकिन कई बार लोग बाजार के मूवमेंट को देखकर एसआईपी बदलने लगते हैं, जो सही नहीं है।

# इंस्टाग्राम रील वाली फाइनेंशियल प्लानिंग के साइड इफेक्ट गहरे

सतर्कता | बिजनेस डेस्क

हमेशा पैटर्न यानी ढर्रे पर काम करना बेहद अच्छा होता है चाहे वह वह जिंदगी से जुड़ा हो, काम हो या पैसे से जुड़ा मामला। शायद इसी वजह से कुछ खास नियम हमेशा याद रखने चाहिए। वैसे हम सभी के साथ ऐसा होता है। पहला पैसा से जुड़ा नियम जो तुरंत समझ आया, वह नियम है 72 का नियम। यह बहुत ही सीधा और सरल होता है। आप 72 को उस ब्याज दर से भाग देते हैं जो आपको निवेश पर मिल रही है, और जो संख्या आएगी, वह बताएगी कि आपके पैसे को दोगुना होने में कितने साल लगेंगे। उदाहरण के लिए, अगर आपका निवेश 15 प्रतिशत रिटर्न दे रहा है, तो आपका पैसा लगभग 5 साल में दोगुना हो जाएगा। सीधा है ना? यही कारण है कि यह नियम हमेशा ज़ेहन में रहता है। लेकिन आपको पता है, पिछले 3 से 4 सालों में बहुत सारे ऐसे नियम ऐसे आएं है जो चौकाने वाले हैं। जैसे रील्स, इन्फोग्राफिक्स, न्यूज़लेटर में लेकिन उनमें से एक भी मेरे दिमाग में टिक नहीं पाया जैसे रूल ऑफ 72 था। सच कहें तो बहुत सारे नंबर और फॉर्मूले सामने आ गए हैं।

## इंस्टाग्राम पर दिखने वाले फाइनेंशियल रूल्स सुनने में आसान और रोचक जरूर हैं

### इंस्टाग्राम फाइनेंस

जानकारों का कहना है कि शायद यही कारण था कि 2016 के आसपास जब इंस्टाग्राम फाइनेंस की शुरुआत हुई, तो वह बहुत तरोताजा और नया लगा। तब लोग ऐसे मनी टिप्स शेयर कर रहे थे जो सरल और अपनाने लायक लगते थे। मुझे आज भी याद है मैंने सोचा था 'ये नियम तो वाकई समझ में आते हैं।' इंटरनेट सस्ता और तेज हो गया था। क्रिएटर्स की रचनात्मकता के कारण फाइनेंस अब आम लोगों तक पहुंचने लगा था। 2019 से 2021 के बीच कुछ फाइनेंस क्रिएटर्स के साथ काम किया और उनके लिए ऐसे स्क्रिप्ट्स भी लिखे जो पर्सनल फाइनेंस को आसान और समझने लायक बनाते थे। कुछ पोस्ट वायरल भी हुए। कुछ टिप्स काफी स्मार्ट लगे। लेकिन फिर धीरे-धीरे मुझे एक बात खटकने लगी। ये सब दिखने में तो बहुत प्रैक्टिकल थे, लेकिन असल जिंदगी में ये ज़्यादातर काम नहीं करते थे।

### नियम चले सोशल मीडिया पर, ज़िंदगी में नहीं

सोशल मीडिया पर फाइनेंस की बातें एक संरचना देती हैं। लोगों को लगता है कि एक निश्चित तरीका है, जिससे सब ठीक हो जाएगा। पैसे को लेकर लोग अस्थिरता और चिंता रखते हैं। तो जब कोई कहता है इस एक नियम को फॉलो करो और कंट्रोल आप के हाथ में हो जाएगा, तो यह तुरंत राहत देता है। यह मानसिक रूप से उस स्थिति से जुड़ता है, जिसे साइकोलॉजी में कॉग्निटिव क्लोजर कहते हैं। यह उस मनोवैज्ञानिक झुकाव को दर्शाता है, जिसमें हमारा दिमाग स्पष्ट उत्तर से बेहतर महसूस करता है, भले ही वह उत्तर बहुत सरलीकृत ही क्यों न हो। एक और विचार है नियंत्रण का भ्रम सिर्फ इक नियम फॉलो करने से जैसे किसी विशेष प्रतिशत बचाना या केवल एक तय खर्च श्रेणी के भीतर रहना, लोग सोचते हैं कि वे जीवन पर नियंत्रण कर रहे हैं। यह एहसास, चाहे अस्थायी ही सही, सील अनुभूति देता है। लगता है आप सही दिशा की ओर बढ़ रहे हैं।

### बुनियादी सच भूल रहे नियम

आपके खर्च हर महीने साफसुथरे प्रतिशत की तरह व्यवस्थित नहीं होते। आपकी आमदनी एक समय स्थिर हो सकती है और फिर बदल सकती है। परिवार की जिम्मेदारी आ सकती है। किराया बढ़ सकता है। कोई स्वास्थ्य समस्या रुकावट ला सकती है। या कभी-कभी आपको बस ब्रेक की जरूरत हो सकती है। 500 प्रतिदिन बचाएं या 503020 वाला बजट विभाजन जैसे नियम इन बदलावों के लिए जगह नहीं छोड़ते। ये ऐसे बनाए गए हैं मानो जीवन एक सीधी रेखा हो। एक और विचार है जिसे अक्सर सोचा जाता है। मोरल लाइसेंसिंग कभी व्यक्ति एसआईपी ऑटोमेट करने का नियम फॉलो करता है या कुछ हफ्तों तक बजट में रहता है, और फिर वही अच्छा महसूस करना उसे कहीं और ढील देने का बहाना दे देता है। यह मैं अच्छा कर रहा था, अब थोड़ा आराम का चक्र बनाता है। नियम समय-समय पर फिर से शुरू करने वाला जैसे ट्रेडमिल बन जाता है। ऍनकरिंग नामक एक असर होता है जहां कोई संख्या जैसे 30% या 500 एक मानक बन जाती है। यदि आप उस मानक पर नहीं ठहर पाते, तो ऐसा लगता है जैसे आप असफल हो गए हैं। भले आपके फैसले पूरी तरह से उपयुक्त हों, फिर भी आपको लगता है कि आप कुछ गलत कर रहे हैं। यह लगातार तनाव जोड़ता है और व्यक्ति वैध निर्णयों पर ही शक करने लगता है।

### क्या मदद कर सकता है

मेरे विचार में ज़्यादातर लोगों को एक और नया नियम नहीं चाहिए। इससे ज़्यादा मदद करती है कुछ आसान सवाल पूछना, जो आपकी जिंदगी की असल हालत को ध्यान में रखते हैं। मुझे हर महीने कितना चाहिए ताकि मैं स्थिर महसूस कर सकूं? इसमें किराया, बिल, राशन आदि शामिल हैं। जो बैंक बैलेंस देखते समय चुप्पी में आने वाले घबराहट को रोकते हैं। यह संख्या जानने से आपकी चिंता थोड़ी कम होगी, पूरी समस्या हल नहीं होती लेकिन राहत जरूर मिलती है। मैं अभी किस समस्या का हल ढूंढ़ रहा हूं। कुछ महीने आप बचत करना चाहते हैं, कुछ महीने घर की देखभाल करनी पड़ सकती है, कुछ महीने सिर्फ शांति की ज़रूरत होती है। आपकी पैसे की आदतें आपके जीवन के पड़ावों के अनुसार बदल सकती हैं और इसमें कोई गलत नहीं है। मैं क्या ऑटोमेट कर सकता हूं, बिना घबराए? चाहे 2,000 की एसआईपी हो या खर्च देखने के लिए हफ्ते में एक रिमाइंडर एक ऐसी चीज चुनें जो एक लय बनाने में मदद करे। जरूरी नहीं कि सब कुछ 500/दिन जैसा सख्त हो यह कोई जिम की मेंबरशिप नहीं है जिसे आप अगले हफ्ते भूल जाएं। सच्चाई यह है कि छोटे और लगातार प्रयास बेहतर काम करते हैं, बजाय पूर्णता और तनाव के। पैसा हो या जीवन, अभी कहानी बाकी है (जैसा एसआरके ने कहा था 'ओम शांतिओम' में) और आप ही तय करेंगे कि अगला दृश्य कैसा होगा।

## खबर संक्षेप



### आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में किसान संगोष्ठी

**भैसमा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राशि अंतरण के अवसर पर आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समिति क्षेत्र से आए किसानों को टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री के किसान सम्मान निधि योजना की किसानों के खाते में सीधे अंतरण राशि का लाइव प्रसारण दिखाया गया। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित किसान संगोष्ठी में इफको कंपनी इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड के द्वारा अपने रासायनिक उर्वरकों, नैनो यूरिया, डीएपी एवं अन्य तरल उत्पाद की उपयोगिता प्रयोग विधि एवं उसके गुणवत्ता लाभ के बारे में उपस्थित किसानों को इफको कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन तिवारी के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस आयोजन में मुख्य रूप से जनपद सदस्य भैसमा भूपेंद्र कंवर, मंडल उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल, पर्यवेक्षक मोहम्मद जमाल खान, समिति भैसमा के प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक, समिति दुरपा के प्रबंधक ललित रजक समिति तिलकेजा से दुलीचंद धीवर, समिति भैसमा के कर्मचारी चंद्र कुमार राठौर, गोवर्धन पटेल, उदय सिंह कंवर, भाव सिंह कंवर, गणेश कंवर, उमाकांत लहरे, सुश्री सर्वमंगला तंवर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जेएल खुटे एवं रामलाल कंवर क्षेत्रीय किसान चमरा सिंह कंवर, जोगेंद्र कौशिक, श्रीमती राजकुमारी एवं भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### जागृति क्लब ढेलवाडीह में मनाई गई मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि



**कोरबा।** जागृति क्लब ढेलवाडीह में मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप यादें मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, एसईसीएल क्षेत्रीय प्रबंधक ढेलवाडीह एनके राय के द्वारा दीप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में शिरकत करने कोरबा अंचल से पधारे प्रतिभावान गायकों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं का दिल जीत लिया। आधी रात तक लोग सुरीली गीतों का मंत्रमुग्ध होकर जमकर लुफ्त उठाते रहे। यादें मोहम्मद रफी कार्यक्रम में गायकों ने अपनी सुरीली आवाज़ एवं अपनी गीतों से महफिल को बांधे रखा, जिनमें प्रमुख रूप से धनेश देवांगन, साबिर खान, कू.अपूर्वा सिंह, सुनील मानिकपुरी, परिचय, इजहार अली, मनीष आठनकर, विदेशी सेठी और अंचल से आए 38 गायकों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाया। कार्यकम का सफल मंच संचालन सूर्य साहू एवं ऋषभ सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजक विमल मानिकपुरी ने कहा कि मोहम्मद रफी के कि याद में इस कार्यक्रम का आयोजन पिछले 15 वर्षों से कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के पीछे उनका उद्देश्य यह है कि की सभी जाति धर्म के लोगों को जोड़कर एक मंच में लाने के लिए संगीत से अच्छा कोई प्लेटफार्म नही है।

### स्कूल प्रशासन और ट्रैफिक विभाग की लापरवाही से रोजाना लग रहा जाम



**कोरबा।** कुसमुंडा के आदर्श नगर में संचालित स्कूल सेंट्रल स्कूल डीएवी स्कूल के बाहर सुबह स्कूल खुलने और छुट्टी होने के दौरान स्कूल प्रशासन और ट्रैफिक विभाग दोनों की लापरवाही देखने को मिलती है। सुबह 7.30 से 8 बजे तक और दोपहर करीब 1 से 2 बजे तक यहां प्राइवेट कैब, कार, ऑटो और ई-रिक्शा इस कदम जाम लगवा देते हैं कि यहां से इस समय कोई निकल नहीं पाता। लोगों को बिना किसी वजह के जाम को झेलना पड़ता है। इस पर स्कूल प्रशासन की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया जाता है और न ही ट्रैफिक विभाग प्राइवेट कैब की अवैध पार्किंग पर कोई अंकुश लगा रहा है। दोनों स्कूल एसईसीएल के अंदर में आते हैं प्रबंधक को भी चाहिए कि स्कूल के बाहर जाम लगे उसके लिए अपने गॉड लगवाकर जाम की स्थिति को नियंत्रित करें। प्रशासन की ओर से कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं है, जिससे सड़क पर जाम लग जाता है। इस पर एक्शन लेने के लिए स्कूल प्रशासन की ओर से कोई कार्ड भी व्यवस्था नहीं किया गया है। इस पर स्कूल प्रशासन ने चुप्पी शाधी हुई है। स्कूल प्रशासन बन रहा है लापरवाह जिसके कारण चालकों की मनमानी की वजह से लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। स्कूल बसें तो स्कूल परिसर के बाहर रोड के किनारे में खड़ी की जाती हैं, लेकिन प्राइवेट कैब और कार को लेकर प्रशासन की ओर से कोई पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है।

## एक दर्जन वाहन को क्रेन से उठा ले गई पुलिस

# पाम मॉल के बाहर अवैध पार्किंग, यातायात पुलिस पहुंची क्रेन लेकर, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर से पॉवर हाउस रोड के बीच बने पाम मॉल के बाहर अवैध पार्किंग का घेरा बनाया जा रहा है, जिसकी वजह से मार्ग में गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर शनिवार और रविवार के दिन इस अवध पार्किंग में भारी संख्या में वाहनों को पार किया जाता है और लगातार समस्या बढ़ती जा रही है। समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस फिर से एक्शन मोड में आई और अवैध पार्किंग को हटाकर मार्ग में लगे लगभग एक दर्जन से अधिक वाहनों को क्रेन से उठाकर चालान की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार टीपी नगर से क्षेत्र में पाम मॉल का संचालन मुख्य मार्ग में किया जाता है। पाम मॉल के बाहर रोड किनारे घेरा बनाकर अवैध पार्किंग संचालित किया जा रहा है, जहां सड़क से लगे हुए अवैध पार्किंग में बड़े पैमाने पर वाहनों को पार किया जाता है, जिससे इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों को लगातार परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर शाम के समय इस मार्ग में सबसे ज्यादा दबाव रहता है और पाम मॉल के पास पहुंचते ही वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है और लोगों को लगातार यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। बढ़ती समस्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंची थी, जहां पाम मॉल के संचालकों को अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्यवाही का निर्देश देते हुए पार्किंग को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क किनारे खड़े एक दर्जन से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की गई और दिशा निर्देश दिया गया है कि आने वाले दिनों में यदि पार्किंग अवैध रूप से संचालित किया जाता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस लगातार इस मार्ग में अवैध पार्किंग व सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर चले जाते हैं, जिसकी वजह से आए दिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



कार्यवाही करती पुलिस।

## पेंशन फंड विधेयक 2025 से मिलेगा सुरक्षित भविष्य : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार पेंशनधारियों और कर्मचारियों के हित में लगातार संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि विष्णुदेव सरकार ने पेंशन भुगतान को सुचारू व सुरक्षित बनाने हेतु छत्तीसगढ़ पेंशन फंड का गठन कर पेंशन फंड प्रबंधन एवं विनियमन विधेयक-2025 लागू किया है। इस कदम से पेंशनधारियों को समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित होगा और उनके हितों की रक्षा होगी।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जिला द्वारा संगठन का 24वां स्थापना दिवस एवं वरिष्ठ पेंशनर्स सम्मान समारोह जूनियर क्लब सीएसईबी कॉलोनी (पूर्व) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पेंशनर्स का शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, पार्षद राकेश वर्मा, मंडल महामंत्री पुनीराम साहू, मंडल कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वस्त्रकार, उपाध्यक्ष श्रीधर द्विवेदी, श्रीमती मीरा सोनी, श्रीमती प्रीति चौहान, सीताराम राठौर सहित संगठन के अध्यक्ष एचसी निषाद, सुधीर नायक, बसंत निषाद, पंचम लाल राठौर, एसपी रेगे, सीपी पांडे, एमएल विश्वकर्मा, वीके यादव एवं प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पेंशनधारी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और पेंशनर्स के हित में भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियां जारी रखने का संकल्प लिया।



मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन, महापौर एवं अन्य।

### महिला प्रतिभागी योग में ले रही हिस्सा

**कोरबा।** 1 अगस्त से 3 अगस्त तक जिले में योगासन भारत के अंतर्गत छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं कोरबा योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 6वाँ महिला राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्य भर के 19 जिलों से महिला प्रतिभागी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रथम अवसर है जब राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता हमारे कोरबा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सब जूनियर वर्ग में 10 से 14 वर्ष के प्रतिभागी, जूनियर वर्ग में 14 से 18 वर्ष के प्रतिभागी, सीनियर वर्ग में 18 से 28 वर्ष के प्रतिभागी, सीनियर ए वर्ग में 28 से 35 वर्ष के प्रतिभागी अलग अलग वर्ग में भाग ले रही है।

### शिव शक्ति सेवा परिवार ने मनाया सावन महोत्सव



**कोरबा।** शिव शक्ति सेवा परिवार शिवनगर द्वारा पारंपरिक श्रद्धा, सामाजिक समर्पण और उत्साह से भरपूर सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन क्षेत्र में सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट उदाहरण बना। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी मनीष अग्रवाल, राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच ने कहा कि सावन केवल ऋतु नहीं, हमारे भारतीय संस्कृति की आत्मा है। ऐसे आयोजनों से समाज में जुड़ाव, प्रेम और सेवा का भाव जागृत होता है। शिव शक्ति सेवा परिवार जैसी संस्थाएं समाज की रीढ़ हैं, जो निस्वार्थ सेवा को अपने कर्म का हिस्सा बनाती हैं। कार्यक्रम की सावन क्वीन के रूप में श्रीमती सुनीता सागर को मनीष अग्रवाल द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मुकेश सागर, उपाध्यक्ष रामनारायण साहू, सचिव प्रकाश देवांगन, कोषाध्यक्ष टेकचंद शुक्ला, प्रमुख सलाहकार कामता साहू, सदस्य कृष्णचंद देवांगन, रोशन जायसवाल, हरेंद्रलाल श्रीवास्तव, रिंकू राठौर, सूर्यप्रकाश राठौर, अमृत लाल साहू, ऋषभ यादव, शेर बहादुर क्षत्रिय, शिवनंदन, उदय राम, विजय धीवर, संजू राठौर, सुभाष सिंह, विजय साहू, सुरेश श्रीवास एवं अन्य समाज सेवी की गरिमामयी उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### कपिलेश्वरनाथ महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** श्री कपिलेश्वरनाथ महिला मंडल सेवा समिति पंडित रविशंकर शुक्ल नगर के द्वारा सावन उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कपिलेश्वर मंदिर परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत महापौर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती पदमा आदित्य के द्वारा नृत्य गणेश वंदना एवं उषा साहू रेलवे के द्वारा शिव स्तुति प्रस्तुति दी गई। निर्णायक की भूमिका श्रीमती हेमा शर्मा अरुणा सोनी स्वर्णकार समाज की उपाध्यक्ष उपस्थित रहीं। सावन क्वीन श्रीमती रीना सिंह को सावन क्वीन, उषा साहू सावन सुंदरी बनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महिलाओं को गेम खिलाया गया तथा उनको सम्मानित किया। प्रथम जोड़ी अभिनय में सोनाक्षी तिवारी, मीनू चौधरी को दिया गया। सावन गीत के लिए सीख घोष को सर्वश्रेष्ठ कलर थीम आशा देवांगन द्वितीय कलर थीम भावना श्रीवास द्वितीय कलर थीम शबनम सिंह आउटस्टैंडिंग ऑल ओवर उषा साहू डांस का प्रथम विनर आकांक्षा तिवारी द्वितीय चित्रा चक्रवर्ती तृतीय भूमि एवरग्रीन ड्रेस कोड सर्वश्रेष्ठ रमिता देशमुख स्पेशल कैटवॉक अवार्ड पदमा आदित्य एवं विजय लक्ष्मी तिवारी को दिया गया। मनमोहक सावन नृत्य की प्रतियोगिता 40 महिलाओं ने भाग लिया। ममता गुर्जर, अलका मिश्रा, सुधा शर्मा, मथुरा चंद्र, मोना चौधरी, कंचन पांडे, पिंकी शर्मा, उषा अग्रवाल, रीता पासवान, सुमन राठौर, सुनीता नेहरा, रिचा सिंह मोनी सिंह एवं रानू नामदेव हाउजी गेम का आयोजन किया गया था।

## त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में छात्र संघ का हुआ शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा में छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित सभी छात्र प्रतिनिधियों को उनके पदों की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शाला के द्वारा सौरभ खलखो को शाला नायक एवं ऐश्वर्या ठाकुर को शाला नायिका नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के चरणों मे दीप प्रज्वलन कर वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ.मोना ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के दौरान सभी छात्र प्रतिनिधियों ने अपने पद की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन और ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ ली। साथ ही, पिछले शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलर बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या मोना ठाकुर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा छात्र संघ विद्यालय की आत्मा होती है, जो नेतृत्व, अनुशासन और सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कार्यालय में अविभाजित मध्यप्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पं.रविशंकर शुक्ल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद पं.विद्याचरण शुक्ल का जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पं.रविशंकर शुक्ल एवं विद्या भैय्या के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पं.रविशंकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पं.रविशंकर शुक्ल अविभाजित मध्यप्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। इससे पहले उन्होंने नायब तहसीलदार एवं शिक्षक के पद पर कार्य कर चुके थे। दिल्ली के संसद भवन परिसर में पं.रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा स्थापित है वहीं छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विश्वविद्यालय का नाम पं.रविशंकर शुक्ल के नाम पर रखा गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि पं.रविशंकर शुक्ल समाज सुधार के प्रणेता थे। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने शहीद विद्याचरण शुक्ल को याद करते हुए कहा कि विद्या भैय्या छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा का हिस्सा थे, जो 25 मई 2013 को नक्सली हमले में घायल हो गए थे, बाद में गुड़गांव, हरियाणा के मेदांता अस्पताल में ईलाज के दौरान 11 जून 2013 को निधन हो गया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने विद्या भैय्या को याद करते हुए कहा कि विद्या भैय्या कुशल प्रशासक और उत्कृष्ट राजनेता थे। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया है। इस अवसर पर पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश कांग्रेस सचिव बीएन सिंह, विकास सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, सत्येन्द्र वासन, लक्ष्मी नारायण देवांगन, पार्षद मुकेश राठौर, नारायण कुर्रे, सुकसागर निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने भी विद्या भैय्या के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।



जयंती कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसी।

## चैतमा में व्यास पूजा गुरू शिष्य परम्परा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा डॉ.मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक प्रो वाय के तिवारी के निर्देश पर प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के संरक्षण वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन व्याख्याता राखी विंध्यराज, विजेता चतुर्वेदी, धनराज सिंह, सुरेन्द्र सिंह नेटी, नबीउल्ला सिद्दिकी के सहयोग सेसरस्वती माता, स्वामी विवेकानंद, डॉ भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी, डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम जी की तैलयचित्र पर पूजा अर्चना कर व्यास पूजा गुरू शिष्य परम्परा मनाया गया। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने कहा कि व्यास पूजन और गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की एक अत्यंत गौरवशाली और आध्यात्मिक परंपरा है। व्यास पूजन गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास की स्मृति में किया जाता है। जिन्होंने वेदों का विभाजन, पुराणों की रचना तथा महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना की। उन्हें आदिगुरु के रूप में भी माना जाता है। गुरुत्व की स्थापना महर्षि वेदव्यास ने ज्ञान के प्रवाह को व्यवस्थित कर समस्त मानवता के लिए सुलभ बनाया। इसलिए गुरु पूजन कर गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा का स्मरण किया जाता है। ज्ञान और विवेक का जागरणः व्यास पूजन के माध्यम से हम आत्मचिंतन, साधना और गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं। संस्कार परंपरा भारतीय संस्कृति में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान दर्जा प्राप्त है। व्यास पूजन गुरु के प्रति श्रद्धा, भक्ति और कृतज्ञता का प्रतीक है।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कलचुरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच द्वारा स्कूल प्रांगण में पौधारोपण एवं छोटे बच्चों को खिचड़ी का वितरण किया गया। मारवाड़ी महिला मंच के अध्यक्ष श्रीमती निर्मला अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्था आए दिन स्कूलों एवं गरीबों की सेवा करते आ रहा है। इसी तारतम्य में केपीएस स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए। जिसमें आंवला,अमरूद,आम एवं विभिन्न प्रजापति के पौधे शामिल है। इसे बड़े होते हम लोगो को देखरेख भी करना है। संस्था के प्रिंसिपल श्रीमती जायसवाल ने भी कहा कि पौधारोपण के साथ साथ देखरेख करना बहुत जरूरी होता है। पैड पौधे लगाने से पुण्य का कार्य भी है, परंतु फल,फूल छाया भी मिलता है। इस अवसर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच के सचिव सुजाता अग्रवाल, कोषाध्क्छ सुधा सिंघानिया एवं सभी पदाधिकारी एवं स्कूल की टीचर स्टाफ मुक्ता जायसवाल, मोहिनी जायसवाल,नेहा प्रजापति रशीदा बेगम के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित रही।

## जनशिकायतों एवं टीएल प्रकरणों का समयसीमा में हो निराकरण : आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने निगम के प्रभारी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि वे अंतिम रूप से यह सुनिश्चित कराएं कि टीएल प्रकरणों, जनसमस्याओं व शिकायतों से जुडे. आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाए तथा इस पर किसी प्रकार की उदासीनता व लापरवाही परिलक्षित न हों। जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है, अतः इनसे जुडे. आवेदनों को पूरी गंभीरता से लें।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शनिवार को निगम के जोन कमिश्नरों, अधिकारियों, अभियंताओं की बैठक लेकर टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनचौपाल आदि से जुडे. प्रकरणों के निराकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की। निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, निगम मद, सांसद मद, प्रभारी मंत्री मद, सी.एस.आर.मद, विधायक, महापौर, पार्षद मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के तहत किए जाने वाले विकास व निर्माण कार्ये की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी व जोन कमिश्नरों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निगम व शासकीय जमीनों, सड़क के किनारे फुटपाथों, चौक-चौराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए जाने वाले किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को दूर करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं तथा प्रशासन व पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाते हुए यह सुनिश्चित करें कि अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बढ़ावा न



टीएल बैठक लेते निगम आयुक्त।

## विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन शाखा को भवन निर्माण हेतु 10 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन शाखा कोरबा वृत्त के 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर यूनियन कार्यालय के अधोसंरचना विकास हेतु 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति एवं आबंटन प्रदान करने हेतु आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने विगत वर्ष 15 दिसम्बर 2024 को विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय सम्मेलन में दर्री ए च टी टी पी ए स कॉलोनी स्थित जनता यूनियन के कार्यालय के अधोसंरचना विकास, अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए 10 लाख रूपए प्रदाय करने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप प्रदत्त शासकीय अधिकारों का उपयोग करते हुए श्री मंत्री ने यूनियन कार्यालय के अधोसंरचना विकास हेतु 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि आबंटित कर दिया है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### गेवरा के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिरुद्ध को दी गई विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना के वरिष्ठ श्रमिक नेता वर्कमैन इंस्पेक्टर एवं कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह 31 जुलाई को अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर रिक्रिएशन क्लब गेवरा में भव्य सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां उनका भावभीनी विदाई दिया गया। सम्मान समारोह में गीत संगीत की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को भव्य और मनोरंजक बना दिया। कार्यक्रम में गेवरा परियोजना के महाप्रबंधक आरबी सिंदूर, एचएमएस फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव, कांग्रेस प्रदेश सचिव तनवीर अहमद श्रमिक संगठन के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं श्रमिक नेता उपस्थित रहे।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में रामायण गायन



**हरदीबाजार।** माँ दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं हनुमान भक्तों के द्वारा सावन माह के पावन अवसर पर संकटमोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार में रामायण गायन का आयोजन कराया गया। समिति के द्वारा संकटमोचन हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को सुंदर कांड का पाठ, हनुमान चालीसा, राम जी की आरती व हनुमान जी की आरती किया जाता है। सावन माह के शुक्रवार को रामायण गायन में भगवान शिवशंकर महादेव, भगवान श्रीराम व हनुमान जी के कथा का रसपान किया गया। रामायण गायन में रामकुमार यादव, रामलाल नेटी, संजय राठौर, गेंदराम पटेल, छतराम प्रजापति, मनोहर राठौर के अलावा समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, डॉ. गणेश प्रभुवा उपस्थित थे।

### छठवीं राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ

**कोरबा।** सीएसईबी ढोडीपारा स्थित सीनियर क्लब में 6वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए योग प्रशिक्षार्थियों ने उत्कृष्ट योगाभ्यास का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन में कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, मंडल महामंत्री पुनीराम साहू, कोषाध्यक्ष अनिल वस्त्रकार, उपाध्यक्ष श्रीधर द्विवेदी, सह-संयोजक श्याम साहू, श्री अग्रवाल, संजय कुर्वंशी, दुर्गेश राठौर, अमृत लाल गुप्ता एवं निर्णायक मंडल के सदस्य शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के योग आसनों का सधे हुए अंदाज में प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नई पीढ़ी में खेलों के प्रति रुचि पैदा करना है।

### अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का हुआ आयोजन



**कोरबा।** श्री हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कोरबा ने शनिवार को कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों में आग से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आवश्यक सुरक्षा कौशल से लैस करना था। विशेषज्ञों द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में आग बुझाने वाले यंत्रों के उपयोग और आपातकालीन निकासी तकनीकों सहित व्यावहारिक प्रदर्शन शामिल थे। छात्रों को मौके पर ही प्रशिक्षण दिया गया और आग लगने जैसी आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करना सिखाया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्री रवींद्र सिंह और विद्यालय समिति के सदस्यों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला ने छात्र सुरक्षा और जागरूकता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

### चालक महासंगठन ने घायल को 5 हजार की दी सहायता राशि

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन जिला के तत्वावधान में कटघोरा निवासी श्यामले दास को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व करतला ब्लॉक क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में श्यामले दास गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसमें उनके पैर में फ्रैक्चर एवं हाथों में चोटें आई थीं। चोट के कारण वे कार्य करने में असमर्थ हैं तथा पारिवारिक स्थिति भी अत्यंत दयनीय हो गई थी। इस परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, संगठन के पदाधिकारियों ने उनके निवास पर पहुंचकर 5 हजार हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष गुड्डु, जिला सचिव राजेश कुमार यादव एवं जिला कोषाध्यक्ष कमल दास उपस्थित रहे। साथ ही पोड़ी व कटघोरा ब्लॉक के पदाधिकारीगण भी उरपस्थित रहे।

## एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा मेगा परियोजनाओं में लक्ष्य से आधा कोयला उत्पादन

# बारिश की चुनौती के बीच जुलाई में लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही एसईसीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उत्पादन में लक्ष्य से पीछे चल रहे एसईसीएल की खदानों के लिए बारिश ने चिंता और बढ़ा दी है। सावन में रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश से एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं में कोयला उत्पादन खासा प्रभावित हुआ है। एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट में डेली कोल प्रोडक्शन तय लक्ष्य से आधा हो गया है। गेवरा व कुसमुंडा खदान में सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। एसईसीएल को जुलाई माह में 65.07 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला था। जिसके मुकाबले कंपनी ने 51.25 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है।

**खास बात**

- एसईसीएल में अब तक 65.07 की जगह 51.25 मिलियन टन कोयला उत्पादन

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल की अन्य खदानों पर भी बारिश के कारण कोयला उत्पादन बाधित हुआ है। एसईसीएल की खदानों में उत्पादन घटने का सीधा असर विद्युत संयंत्रों पर पड़ता है। क्योंकि अधिकांश संयंत्रों में एसईसीएल की खदानों से ही कोयले की सप्लाई होती है। हालांकि विद्युत संयंत्रों में अभी वर्तमान जरूरत के अनुसार कोयले की उपलब्धता है। लेकिन खदानों में कोयला उत्पादन को लेकर यही हालात आगे भी रहे तो विद्युत संयंत्रों को कोयले की कमी से जूझना पड़ सकता है। जिले में संचालित एसईसीएल की लगभग सभी ओपन कास्ट माइंस में डीप फेस पर जहां से कोयला उत्खनन होता है, वहां पानी आ जाने के कारण कोयला उत्पादन में काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। इससे लक्ष्य के अनुसार कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बात करें एसईसीएल कोरबा एरिया की तो कोरबा क्षेत्र को जुलाई माह में 0.56 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके मुकाबले 0.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। इसी तरह दीपका परियोजना में 2.56 मिलियन टन की जगह 2.44 मिलियन टन कोयला उत्पादन हुआ है। गेवरा क्षेत्र में 4.6 मिलियन टन की जगह 2.73 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जा सका है। बात करें कुसमुंडा परियोजना की तो जुलाई माह में कुसमुंडा को 3.21 मिलियन टन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके मुकाबले महज 1.23 मिलियन टन ही कोयला उत्पादन किया जा सका है।



फाइल फोटो

**बीते वर्ष भी हासिल नहीं हुआ था उत्पादन लक्ष्य**

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया ने एसईसीएल को इस वित्तीय वर्ष 212 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया है। बीते वर्ष भी कंपनी उत्पादन लक्ष्य हासिल नहीं कर सका था। इस वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में एसईसीएल को 65.07 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना था जिसके मुकाबले 51.25 मिलियन टन ही कोयला उत्पादन किया जा सका है। वित्तीय वर्ष के चार माह समाप्त होने पर लक्ष्य से लगभग 78 प्रतिशत कोयला उत्पादन किया जा सका है।

# बारिश में टूटी लेमरु की सड़क आवागमन में हो रही दिक्कत



बारिश में क्षतिग्रस्त हुई सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हो रही लगातार बारिश ने एक बार फिर अधूरी योजनाओं और घटिया निर्माण कार्य की पोल खोल दी है। बालको से लेमरू को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित घोंघीबारी गांव के पास बनी सड़क का किनारा पूरी तरह कट गया है, जिससे राहगीरों की जान पर बन आई है। बारिश के पानी ने सड़क की मजबूती को जैसे बहा ही दिया हो। अब हालात यह हैं कि वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन फिसलने से लेकर भारी वाहनों के पलटने तक का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, यह सड़क महज तीन साल पहले बनाई गई थी, लेकिन इसके बाद एक बार भी मरम्मत नहीं कराई गई। नतीजा यह हुआ कि सड़क जगह-जगह से दरकने लगी और अब किनारे पूरी तरह धंस चुके हैं। ग्रामीणों और राहगीरों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन और संबंधित विभाग को कई बार स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगता है किसी बड़े हादसे का इंतजार है, तब जाकर अफसर हरकत में आएंगे। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, साथ ही उस ठेकेदार और विभागीय अधिकारी पर कार्रवाई हो, जिसकी लापरवाही से आज यह स्थिति बनी है।

# निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की लापरवाही हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत सभापति और भाजपा मंडल अध्यक्ष चतुर भुवन नायक शनिवार को अचानक औचक निरीक्षण पर निकले तो पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों की पोल खुल गई। कई जगह उन्होंने लापरवाही, अधूरे काम और जिम्मेदारी से भागते अधिकारियों की हकीकत सबके सामने रख दी।

बताया जा रहा हैं की ग्राम पंचायत तुमान की प्राथमिक शाला में पहले से मिल रही शिकायतें सही साबित हुई। मौके पर दो शिक्षक बिना सूचना के गैरहाजिर पाए गए। इस पर श्री नायक ने तुरंत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को फोन कर जांच के आदेश दिए और साफ कहा कि गलत पाए गए तो बख्शा नहीं जाएगा, कड़ी कार्यवाही होगी। माध्यमिक शाला तुमान में भी एक शिक्षक अनुपस्थित मिला, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी। माध्यमिक शाला के प्रार्थना सेट का निर्माण कार्य सालों से अधूरा पड़ा है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है। यह काम ग्राम पंचायत को सौंपा गया था, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। इस पर श्री नायक ने सरपंच को फटकार लगाई और दो दिन में काम शुरू करने का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि अगर 2 दिन में काम चालू नहीं हुआ तो सख्त कार्यवाही होगी। इसी तरह स्कूल परिसर में टूटा हुआ बिजली का बोर्ड देखकर उन्होंने दो दिन में मरम्मत के आदेश दिए। हायर सेकंडरी स्कूल के पास मेन लाइन पर गिरा हुआ पेड़ देखकर नाराजगी जताई और विद्युत विभाग को तत्काल लाइन दुरुस्त करने को कहा। हायर सेकंडरी स्कूल का आहता निर्माण भी वर्षों से अधूरा है। इस पर श्री नायक ने कहा कि यह गंभीर जांच का विषय है, आखिर ये काम रुका क्यों और जिम्मेदार कौन? तुमान से अमझरा मार्ग बाढ़ में कट जाने की शिकायत मौके पर मिली। इस पर श्री नायक ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को तुरंत मरम्मत और बहाली का आदेश दिया।

**खास बातें**

- जनपद पंचायत के सभापति और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण
- अधूरे काम पर दो दिन का दिया अल्टीमेटम



निरीक्षण करते जनपद पंचायत सभापति व अन्य।

### महामना मालवीय मिशन का पौधरोपण कार्यक्रम आज

अम्बिकापुर। महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष डीएन द्विवेदी के नेतृत्व में रविवार को सुबह 11 बजे से मालवीय पार्क में पौधरोपण किया जाएगा। मिशन के सदस्य बीएस सिंह ने बताया कि पदाधिकारी एवं सदस्य एक पेड़ मां के नाम के तहत मालवीय पार्क में पौधरोपण करेंगे। उन्होंने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में मिशन के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उद्योग मंत्री को सदस्यता रत्न सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री निवास अटल नगर नया रायपुर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान का आयोजन किया गया। सदस्यता अभियान में सबसे अधिक सदस्य बनाने वाले विधायकों, सांसदों, सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सदस्यता भूषण सम्मान, सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिले से सबसे अधिक सदस्यता उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बनाया था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे द्वारा मंत्री श्री देवांगन को 14419 सदस्य बनाने पर सदयस्ता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी हुई सूची के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक सदस्य बनाने वालों में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन 11वें स्थान पर रहे। मंत्री गणों में दूसरे नंबर पर और विधायकों में छठवें क्रम पर मंत्री श्री देवांगन रहे। सदस्यता रत्न सम्मान मिलने के बाद मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकप्रिय राजनितिक पार्टी है, प्रदेश में 60 लाख से अधिक भाजपा के कार्यकर्ता है। जिसका पूरा श्रेय भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओ एवं समर्पित सदस्यों को जाता है। इसी तरह कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल को भी 10177 को भी सदस्यता बनाने पर सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। भाजपा सदस्यता अभियान में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा। 1 लाख से अधिक सदस्य बनाकर जिला छठवें पायदान पर रहा। सुश्री रितु चौरसिया को सदस्यता श्री पुरस्कार, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी को सदस्यता गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, एमआईसी सदस्य अजय चंद्रा, लक्की नंदा भी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- देवांगन मंत्रियों में दूसरे स्थान तो विधायकों में 6वें स्थान पर रहे
- 14419 सदस्य बनाने में रहे सफल



उद्योग मंत्री को सम्मानित करते मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष।

**समारोह में सम्मानित हुए अधिकारी**



संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह अंतर्गत न्यू सर्किट हाउस रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा के द्वारा जिले के तामेश्वर उपाध्याय शिक्षा अधिकारी, सूर्य नारायण केसरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीमती रेणु प्रकाश जिला कार्यक्रम अधिकारी, दीपक राज खंड चिकित्सा अधिकारी, दीपक सिंह खंड चिकित्सा अधिकारी को आंध मुख्यमंत्री के द्वारा प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया।

# शराब की तस्करी करने वाला तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस को मिले मुखबीर की सूचना पर ग्राम तरदा बजरंग कंवर नामक व्यक्ति अपने घर के बाड़ी में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब बिक्री करने के लिए रखा था। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके स्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर कार्यवाही की। पुलिस को आते देखकर शराब खरीदने वाले भाग गये और एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब उसका नाम पता पूछा तो उसने उरगा थाना निवासी बजरंग सिंह कंवर पिता रतन सिंह कंवर उम्र 35 वर्ष निवासी तरदा का रहने वाला बताया, जिसके पास से पुलिस ने 10 लीटर प्लास्टिक जेरीकेन में भरे कच्ची महुआ शराब को जब्त कर लिया। बिक्री करने के संबंध में धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर वैध दस्तावेज चाहा गया जो कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिया। अपने पास रखे महुआ शराब 10 लीटर एवं शराब बिक्री रकम 100 रूपये को पेश किया, जिसे समक्ष गवाह के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्तर में आरोपी।

### छात्रा ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** 11वीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार सुबह दुपट्टे से उसकी लाश कमरे में लटकी मिली। बताया जा रहा है रात को परिजनों ने स्कूल नहीं जाने पर छात्रा को फटकार लगाई थी। घटना बालको थाना क्षेत्र के सेक्टर 4 की है। यहां निवासरत 16 वर्षीय छात्रा अदिति सोलंकी निजी स्कूल में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत थी। छात्रा ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## महिला एवं बाल विकास विभाग का आयोजन

# किशोरी बालिकाओं को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत किशोरी बालिकाओं के लिए ऑनलाईन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल छात्रावास में किया गया, जिसमें मेडिकल की सभी छात्राएँ एवं स्टॉफ सम्मिलित हुए। उक्त कार्यशाला में पुलिस विभाग के मास्टर ट्रेनर के द्वारा छात्राओं को वर्तमान में हो रहे ऑनलाईन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, मंहगे गिफ्ट का झांसा, शीघ्र लोन प्राप्ति हेतु अनजान एप्लीकेशन का उपयोग एवं सोशल मीडिया में एआई के माध्यम से हो रहे साइबर क्राइम से सतर्क रहने एवं इस प्रकार की घटनाओं से स्वयं को किस प्रकार सुरक्षित रखे इस पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया साथ ही महिला सरंक्षण अधिकारी महोदया एवं विधिक प्राधिकरण से पारा लीगल वालेंटियर द्वारा लोक अदालत, नि शु ल्क विधिक सेवा, घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या निषेध, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम आदि किसी भी प्रकार से होने वाले आकस्मिक घटनाओं से बचाव एवं छेड़छाड़ से स्वयं को सुरक्षित रखने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाईन 181, चाल्ड हेल्प लाईन 1098 आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। आज इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा टीम से 2 मास्टर ट्रेनर, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिल सरंक्षण अधिकारी श्रीमती रजनी मारिया, जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रत्ना नामदेव एवं सविता बजरंगी, डेमन ओग्रे साइबर एक्सपर्ट, विरकेश्वर प्रताप सिंह साइबर एक्सपर्ट, श्याम सिदार साइबर सेल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पारा लीगल वालेंटियर श्रीमती उमा नेताम उपस्थित हुए।



बालिकाओं को साइबर सुरक्षा की जानकारी देते अधिकारी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




केरल दर्शन

मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम

13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर

राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411